उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः: 222 / A-5/DR/ S.I. /E-5/2023-24 दिनाँक :: 04 दिसम्बर, 2024

विज्ञप्ति

उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस / अभिसूचना), गुल्मनायक (पी.ए.सी. / आई.आर.बी.) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस / अभिसूचना), गुल्मनायक (पी.ए.सी. / आई.आर.बी.) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा–2024 के रिक्त 222 पदों हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याः: A-5/DR/ S.I. /E-5/2023-24 दिनांक 31 जनवरी, 2024 के सापेक्ष पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20 फरवरी, 2024 तक आमंत्रित किये गये थे। प्रश्नगत परीक्षा हेतु पुनः दिनांक 02 जुलाई, 2024 को पद व श्रेणी / उपश्रेणी में परिवर्तन के संबंध में संशोधित विज्ञप्ति का प्रकाशन किया गया था। जिसके अन्तर्गत **पूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित** हेतु **भी पद** आरक्षित किये गये थे। तत्समय अभ्यर्थियों के लिए **पूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित** के पद के लिए दावा किये जाने हेतु पृथक से लिंक नहीं खोले गये थे।

सूच्य है कि प्रश्नगत पद पर भर्ती के संबंध में शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का परीक्षा परिणाम दिनांक 19 नवम्बर, 2024 को घोषित किया जा चुका है। अतः शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सफल ऐसे अभ्यर्थी जिनकी उपश्रेणी ''पूर्व सैनिक या स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित'' है तथा उनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदन किये जाने के दौरान उक्त उपश्रेणी का दावा नहीं किया था, ऐसे अभ्यर्थियों हेतु संशोधित लिंक पुनः एक बार के लिए **दिनांक 05.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 (रात्रि 11:59:59 बजे)** तक खोला जा रहा है।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में सफल हुए हैं, तथा संबंधित उपश्रेणी हेतु आरक्षित पदों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन–पत्र में दावा प्रस्तुत करने के इच्छुक हैं, वह **दिनांक 10.12.2024 (रात्रि 11:59:59 बजे)** तक आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात ऑनलाइन आवेदन में Correction (संशोधन) हेतु अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जायेगा तथा इस संबंध में अभ्यर्थी के किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।